# प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 16/05/2025 को देश के दो अग्रेणी संस्थान सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान सगंठन (ISRO), सादिक नगर, नई दिल्ली के मध्य समझौत पर हस्ताक्षर किये गये।

इस अनुबन्ध को सहयोगात्मक अनुसंधान शैक्षणिक इंटरफेस और आउटरीच गतिविधियों के लिए संयुक्त सहयोग, क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास अध्ययन करने के उद्देश्य से किया गया है। समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से मा0 कुलपति डा0 के0के0 सिंह जी तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान सगंठन (ISRO) की ओर से डा0 एस0के0 श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबन्धक द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

इस अनुबन्ध से वैज्ञानिक विशेषज्ञता के आदान–प्रदान और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, व्यवहारिक क्षेत्र प्रर्दशनों और संकाय, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए विशेष शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के सह–संगठन के साथ साथ कृषि के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढानें में भी सहयोग प्राप्त होगा। इस सहयोग के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और पेशेवरों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाना है, साथ ही अंतरिक्ष आधारित प्रौद्योगिकियों के लाभों को जमीनी स्तर पर कृषि समुदायों और हितधारकों तक पहुंचाना है।

अनुबन्ध पर हस्ताक्षर के समय विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डा0 रामजी सिंह, निदेशक शोध डा0 कमल खिलाडी, निदेशक प्रसार, डा0 पी0के0 सिंह, डा0 आर0एस0 सैंगर, संयुक्त निदेशक डा0 गोपाल सिंह, डा0 मुकेश कुमार, अधिष्ठाता डा0 बिजेन्द्र सिंह, डा0 आर0 कुमार, डा0 जेनिथा एमैनुएल, डा0 जयवीर सिंह, डा0 तरूण कुमार सरकार, डा0 डी0के0 सिंह, एवं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान सगंठन (ISRO) से डा0 समीर सरन, उप महाप्रबन्धक, डा0 नीतू, वैज्ञानिक एस0एफ0 एवं श्रो आकाश गोयल, वैज्ञानिक एस0एफ0 उपस्थित रहे।

**(कमल खिलाड़ी)**
**निदेशक अनुसंधान केन्द्र**


IQAC


IQAC
SVPUAT MEERUT